# तेरी जय हो बजरंग बाला | by Kunaal Ddhru

तेरी जय हो बजरंग बाला ओ माँ अंजनी के लाला
ये पवन पुत्र बलवाना, बाबा बजरंगी मतलवाला
तेरी जगमग ज्योत मैं आज जगावां रे
आओ कीर्तन में बाबा आज, मैं अपने बुलावा रे

हे महावीर हनुमान ये भक्त लगावे ध्यान
भक्ति में होके मगन मिलकर करें गुणगान
कोई ढोल मंजीरा बजावे कोई ताल से ताल मिलावे
कोई मीठे स्वर से बाबा ये भक्त तुमको रिझावे
तेरी जगमग ज्योत मैं आज जगावा रे
आओ कीर्तन में बाबा आज, मैं अपने बुलावा रे
तेरी जय हो बजरंग बाला...........

हे राम भक्त हनुमान तेरी महिमा जग में महान
घर घर में तेरी पूजा तेरी अजब अनोखी शान
सबका ये देव निराला भक्तों का ये रखवाला
भक्तों की रक्षा करता घर घर में करे उजाला
तेरी जगमग ज्योत मैं आज जगावा रे
आओ कीर्तन में बाबा आज, मैं अपने बुलावा रे
तेरी जय हो बजरंग बाला...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-kunaal-ddhru/